भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2318

उत्तर देने की तारीख 15 दिसंबर, 2025

24 अग्रहायण, 1947 (शक)

विशेष क्षेत्र खेल स्कीम

2318. श्री मोहिते पाटील धैर्यशील राजसिंह:
श्री संजय दिना पाटील:
डॉ. अमोल रामसिंग कोल्हे:
प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़:
श्रीमती सुप्रिया सुले:
श्री भास्कर मुरलीधर भगरे:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) की विशेष क्षेत्र खेल (एसएजी) स्कीम के अंतर्गत क्षेत्र-विशिष्ट अथवा स्वदेशी खेलों की पहचान की है और स्थानीय खेल प्रतिभाओं को पोषित करने के लिए देश भर में उत्कृष्टता केन्द्रों की स्थापना की है;

(ख) यदि हां, तो मौजूदा एसएजी केन्द्रों और शामिल विधाओं, विशेषकर महाराष्ट्र में कार्यरत, का ब्यौरा क्या है;

(ग) महाराष्ट्र में कबड्डी, मलखंब, कुश्ती जैसे स्वदेशी खेलों और अन्य पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सहायता, अवसंरचना विकास, कोचिंग सहायता और उन्हें खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत शामिल करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं;

(घ) क्या महाराष्ट्र सरकार ने पारंपरिक खेलों के लिए समर्पित नए एसएजी केन्द्रों अथवा क्षेत्रीय खेल अकादमियों (आरएसए) की स्थापना के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं और इन प्रस्तावों की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ङ) महाराष्ट्र में स्वदेशी और क्षेत्र - विशिष्ट खेलों को बढ़ावा देने के लिए एसएजी और खेलो इंडिया योजनाओं के अंतर्गत विगत पांच वर्षों के दौरान जिला-वार कुल कितनी निधि आवंटित, जारी और उपयोग की गई है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ख): विशेष क्षेत्र खेल (एसएजी) स्कीम वर्ष 1986 से संचालित थी और बाद में विभिन्न प्रशिक्षण स्कीमों के तहत खिलाड़ियों को मिलने वाले अधिकारों में एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए वर्ष 2018–19 में इसे साई प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी) स्कीम के साथ विलय कर दिया गया था। अतः वर्तमान में कोई विशेष क्षेत्र खेल (एसएजी) स्कीम संचालित नहीं है। एसटीसी स्कीम के अंतर्गत संचालित विभिन्न विधाओं की सूची अनुबंध-I में दी गई है।

(ग) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, खेलों के संवर्धन की जिम्मेदारी मुख्य रूप से संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। केंद्र सरकार राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार के प्रयासों में सहायता करती है। खेलो इंडिया स्कीम का 'ग्रामीण और देशज/जनजातीय खेलों के संवर्धन' उप-घटक विशेष रूप से देश के ग्रामीण और देशज खेलों के विकास और संवर्धन के लिए समर्पित है। इस घटक के तहत संवर्धन हेतु मल्लखंब, कलारीपयट्टू, गत्का, थांग-टा, योगासन और सिलंबम जैसे देशज खेलों को चुना गया है और इन्हें खेलो इंडिया गेम्स का हिस्सा बनाया गया है।

आज की स्थिति के अनुसार, महाराष्ट्र राज्य में देशज खेलों के संवर्धन हेतु 05 खेलो इंडिया केंद्रों की अधिसूचित किया गया है। केआईसी इच्छुक बच्चों के लिए प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करते हैं, पूर्व चैंपियन खिलाड़ियों को कोच के रूप में रोजगार देते हैं और मौजूदा आधारभूत सुविधाओं का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करते हैं। केआईसी का विवरण अनुबंध- II में दिया गया है।

(घ) महाराष्ट्र सरकार से नए एसएजी केंद्रों या क्षेत्रीय खेल अकादमियों (आरएसए) की स्थापना के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ङ) इस मंत्रालय द्वारा खेलो इंडिया स्कीम के तहत धनराशि स्कीम-वार आवंटित और जारी की जाती है, राज्य-वार नहीं। खेलो इंडिया स्कीम के तहत, महाराष्ट्र राज्य सहित देशभर में इसकी शुरूआत से अब तक आवंटित और व्यय की गई धनराशि का विवरण इस प्रकार है:

वित्तीय वर्ष	आबंटित धनराशि	किया गया व्यय
2016-17	118.10	118.10
2017-18	350.00	346.99
2018-19	500.09	342.24
2019-20	578.00	575.52

2020-21	328.77	338.06
2021-22	869.00	764.29
2022-23	600.00	596.39
2023-24	880.00	872.20
2024-25	746.54	620.75

*****

अनुबंध-I

'विशेष क्षेत्र खेल स्कीम' के संबंध में श्री मोहिते पाटिल धैर्यशील राजसिंह, श्री संजय दिना पाटिल, डॉ. अमोल रामसिंग कोल्हे, प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़, श्रीमती सुप्रिया सुले और श्री भास्कर मुरलीधर भगरे द्वारा दिनांक 15.12.2025 के लिए पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 2318 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

महाराष्ट्र राज्य में एसटीसी स्कीम के तहत संचालित विभिन्न विधाओं का विवरण

क्र.सं.	विधा	क्र.सं.	विधा	क्र.सं.	विधा
1	तीरंदाजी	11	हॉकी	21	तैराकी
2	एथलेटिक्स	12	जूडो	22	टेबल टेनिस
3	बैडमिंटन	13	कबड्डी	23	ताइक्वांडो
4	बास्केटबॉल	14	कराटे	24	वॉलीबॉल
5	बॉक्सिंग	15	कायक और कैनो	25	भारोत्तोलन
6	साइकिलिंग	16	खो-खो	26	कुश्ती
7	फेंसिंग	17	रोइंग	27	वुशु
8	फुटबॉल	18	सेपकतक़राव		
9	जिम्नास्टिक	19	शूटिंग		
10	हैंडबॉल	20	सॉफ्टबॉल		

अनुबंध-II

'विशेष क्षेत्र खेल स्कीम' के संबंध में श्री मोहिते पाटिल धैर्यशील राजसिंह, श्री संजय दिना पाटिल, डॉ. अमोल रामसिंग कोल्हे, प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़, श्रीमती सुप्रिया सुले और श्री भास्कर मुरलीधर भगरे द्वारा दिनांक 15.12.2025 के लिए पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 2318 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

महाराष्ट्र के खेलो इंडिया केंद्र

जिला	केन्द्र का नाम	खेल विधा
अमरावती	आरसी मुंबई- श्री हनुमान व्यायाम प्रसारक मंडल	मल्लखम्ब
		थांग-टा
बीड	ज़िला खेल परिसर कार्यकारी समिति, बिड (ज़िला क्रीड़ा संकुल समिति)	कबड्डी
मुंबई उपनगर	सुंदरुश विद्यालय, विखरोली, यलुका कुर्ला, मुंबई	कबड्डी
सिंधुदुर्ग	ज़िला खेल परिसर कार्यकारी समिति, सिंधुदुर्ग (ज़िला क्रीड़ा संकुल समिति)	कबड्डी
वाशिम	ज़िला खेल परिसर कार्यकारी समिति, वाशिम	कबड्डी

*****